जब अल्लाह किसी समुदाय पर अनुग्रह करना चाहता है, तो उससे पहले ही उसके नबी को उठा लेता है और उसे उसका अग्रदूत और सिफ़ारिशी बना देता है

अबू मूसा अशअरी- रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है कि अल्लाह के नबी- सल्लल्लाहु अलैहि
व सल्लम- ने फ़रमायाः "जब अल्लाह किसी समुदाय पर अनुग्रह करना चाहता है, तो उससे पहले
ही उसके नबी को उठा लेता है और उसे उसका अग्रदूत और सिफ़ारिशी बना देता है। तथा जब
किसी समुदाय का विनाश चाहता है, तो उसे नबी के जीते जी अज़ाब देता है और उसकी आँखों के सामने विनष्ट कर देता है। इस तरह, उसकी हलाकत से नबी की आँखों की ठंडक का सामान करता है, जब समुदाय के लोग उसे झुठलाने लगते हैं और उसके आदेश का उल्लंघन शुरू कर देते हैं।"
[सह़ीह़] [इसे मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

http://sunnah.global/hadeeth/hi/show/3667